श्री बंशीधर नगर, शनिवार
11.01.2025
पौष शुक्लपक्ष द्वादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 139

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:26 बजे

**तापमान**
अधिकतम :20 डिग्री से.
न्यूनतम : 07 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

करीब 30 लाख का नकली कीटनाशक बरामद >> पेज 03 | जिम में चोट लगने से घायल हुईं रश्मिका : पेज 04

**सुविचार**

आप जैसे हैं, वैसे ही खुद को दुनिया के सामने पेश करें

**न्यूज अपडेट्स**

### जंगली बिल्ली के नवजात का मिला शव



**रमकंडा।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के बैरिया जंगल में शुक्रवार को एक जंगली जानवर के नवजात का शव मिला। मवेशी चराने गये चरवाहों की सूचना पर वनकर्मियों ने मामले की जांच की। मृत नवजात को कब्जे में लेकर इसकी पहचान के लिए भंडरिया वन परिसर ले गये। जंगली बिल्ली प्रजाति के नवजात के रूप में की गयी। हालांकि लोग तेंदुआ का बच्चा समझकर भयभीत रहे। चरवाहों की सूचना पर उक्त जंगली जानवर के नवजात को देखने के लिये ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीण उसे तेंदुआ का मृत बच्चा समझकर उसे गांव ले आये, जिसके बाद वनकर्मियों ने कब्जे में ले लिया। पलामू टाइगर रिजर्व नार्थ के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना ने कहा कि यह टाइगर या तेंदुआ का बच्चा नहीं है। बिल्ली प्रजाति का एक नवजात है। गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के डीएफओ इबिन बेनी अब्राहम ने कहा कि प्रथम दृष्टया सिवैट (जंगली बिल्ली) का बच्चा लग रहा है। टाइगर या तेंदुआ नहीं है। हालांकि बायोलॉजिकल जांच के बाद पूरी तरह से स्पष्ट हो पायेगा। इधर मृत जानवर के बच्चे का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में तेंदुआ का बच्चा होने की अफवाह फैल गयी। वहीं लोग भयभीत होने लगे। दरअसल दो साल पहले बैरिया के इलाकों में ही तेंदुआ ने तबाही मचायी थी।

**छापामारी** स्पेशल सेल दिल्ली व झारखंड एटीएस की संयुक्त कार्रवाई

# लोहरदगा से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉंटिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था। इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक झारखंड के रांची के बरियातू से डॉ इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो. मोदब्बीर, मो. रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। उस दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त, 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसीडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था।

16 अगस्त, 2024 को एटीएस की टीम ने लोहरदगा में कुडू के हेंजला कौवाखाप गांव में छापेमारी की थी। एटीएस की टीम यहां अलताफ उर्फ इल्ताफ की तलाश में पहुंची थी लेकिन वह घर में नहीं मिला। छापेमारी के दौरान उसके घर से दो हथियार और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस दौरान शाहबाज के घर पर भी छापेमारी की गई थी लेकिन वह फरार मिला था।

## आईटी टावर युवाओं के लिए कौशल विकास व रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा : हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नामकुम, रांची में स्थित आईटी टावर परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा। साथ ही यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

### तकनीकी व डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र

इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी+5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

### 30 वर्ष के पट्टे का किया गया प्रावधान

जेआईएडीए, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्ष) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव और डीजीपी ने की बैठक, दिये निर्देश



**रांची।** रांची के बुंडू में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अफीम की खेती को पूरी तरह रोकने लिए के सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। गृह सचिव और डीजीपी ने विशेष रूप से उन सभी मामलों की समीक्षा की, जिसमें बड़े पैमाने में अवैध मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। अवैध मादक पदार्थ का सेवन, खेती, व्यापार की रोकथाम के लिए व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए संयुक्त रूप से कई दिशा निर्देश दिये। गृह सचिव और डीजीपी ने कहा कि अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के लिए संबंधित एजेंसी राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग सूचना संकलन कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। साथ ही अवैध अफीम की खेती किये जाने वाले जमीन (स्थल) सरकारी, रैयती एवं वन भूमि का पता लगाकर आवश्यकतानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई करें। रांची और खूंटी जिला अफीम की खेती को लेकर सर्वाधिक प्रभावित जिला हैं। इन जिलों में अवैध अफीम की खेती की पूर्ण रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रायः यह देखा गया है कि जिन भूमि में अफीम की खेती की जाती है, उसे विनष्टीकरण के बाद थाना में सनहा दर्ज किया जाता है, जो उचित नहीं है, जिस भी भूमि पर अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया जाता है, तो उसके आलोक में निश्चित रूप से प्राथमिक दर्ज किया जाए। विशेष शाखा और एनसीबी से प्राप्त सूचना के सत्यापन के बाद तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। यदि कोई थाना प्रभारी प्राप्त सूचना के आधार पर वांछित कार्रवाई नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मानकी, मुण्डा, मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं महिला समिति से सम्पर्क कर उनका सहयोग लेते हुए साथ ही ड्रोन कैमरा का प्रयोग कर सूचना संकलित करते हुए वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## वित्त मंत्री किशोर के निर्देश पर आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी की जांच शुरू



**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के निर्देश पर एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी की जांच शुरू कर दी गयी है। जिले के उपायुक्त के द्वारा जांच के लिए डीडीसी, एसडीएम, एनडीसी, श्रम अधीक्षक की कमिटी गठित की है। जांच टीम में शामिल डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, श्रम अधीक्षक ऐतवारी महतो, एनडीसी ने शुक्रवार को एमआरएमसीएच का निरीक्षण किया। इस क्रम में बाला जी के सफाईकर्मियों से जहां बातचीत की गयी, वहीं उनके स्टोर का भी विजिट किया गया। अधिकारियों की जांच में आज कुल 65 सफाईकर्मियों के विरूद्ध 41 की उपस्थिति पाई गई। यह भी पता चला कि वित्त मंत्री के एमआरएमसीएच निरीक्षण के बाद उनसे नौ घंटे की सेवा ली जा रही है, जिसमें एक घंटा विश्राम दिया जाता है। पहले छह घंटे काम लिया जाता था। कर्मियों से मानदेय सहित अन्य मामले में भी बातचीत की गयी। श्रम अधीक्षक ने कहा कि नौ घंटे की डयूटी में एक घंटे विश्राम देकर नियमानुसार अकुशल मजदूर को 463 रूपए मिलने चाहिए। मंत्री के निरीक्षण के बाद से सफाईकर्मियों को इतनी राशि दी जा रही है। अधिकारियों की टीम ने उपस्थिति के साथ साथ ड्रेस में कौन कौन आए हैं आदि की भी जानकारी ली। पूरी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जायेगी और फिर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## कड़ाके की ठंड से राहत नहीं, आज से कोहरा और बादल

# पलामू का तापमान 6.6 डिग्री से. तक गिरा



**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। रुक-रुक के चल रही हवा से ठंड का ज्यादा एहसास हो रहा है।

राजधानी रांची में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7.0, अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले चार दिन सुबह कोहरे और धुंध एवं बादलों की लुका छिपी बने रहने की संभावना है। शनिवार को रांची का अधिकतत तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डालटनगंज का अधिकतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.1 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। जबकि राज्य में कहीं-कहीं पर कोहरा भी देखा गया।

## सुकमा मुठभेड़ में मारे गये तीन इनामी नक्सलियों की शिनाख्त



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर गुरुवार को पालीगुड़ा-गुंडराजगुड़ेम मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में बरामद तीन नक्सलियों के शवों की पहचान हो गई है। इनमें दक्षिण बस्तर डिवीजन एवं पीएलजीए बटालियन क्रमांक 1 का आईईडी एक्सपर्ट कोरसा महेश, माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पश्चिम बस्तर, अलवम भीमा एसीएम जोनागुडा शामिल हैं। मुठभेड़ में मारा गया माओवादी महेश कोरसा वर्ष 2023 में बेदरे तथा वर्ष 2024 में जगरगुण्डा क्षेत्र में हुए घटनाओं में भी मास्टर माइंड रहा है। मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों में पी.पी.सी.एम. प्लाटून नंबर 30 के डिप्टी कमांडर कोरसा महेश, माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पश्चिम बस्तर, अलवम भीमा एसीएम जोनागुडा हैं। माओवादी महेश वर्ष 2023 में बेदरे और वर्ष 2024 में जगरगुण्डा क्षेत्र में हुए घटनाओं में भी मास्टर माइंड रहा है। महेश के साथ अन्य दोनों नक्सलियों पर कुल मिलाकर 18 लाख रुपये का इनाम था। नक्सलियों के शव के साथ घटनास्थल से 2 बीजीएल लांचर, एक 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद की गई है।

# गणतंत्र दिवस को ले डीसी ने की पदाधिकारियों संग बैठक, पुलिस स्टेडियम में आयोजित होगा मुख्य समारोह



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन ने गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम के साथ मनाने को लेकर प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां मुख्य अतिथि सुबह 9.05 बजे झंडोतोलन कर परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाहन 10 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10.20 बजे, पलामू क्लब में पूर्वाहन 10.45 बजे और रेड क्रॉस भवन में पूर्वाहन 11.00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक व विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी। महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। बैठक में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, अपर समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सरकारी स्कूल से मॉनिटर, होम थियेटर व पांच बोरी चावल ले गये चोर

**छतरपुर :** प्रखंड कॉलोनी में अनुमंडलीय कार्यालय के पीछे स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने कई कमरों का ताला तोड़ कर कंप्यूटर का मॉनिटर, होम थियेटर सहित मध्याह्न भोजन की चावल की चोरी कर ली। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब वह विद्यालय आये तो देखा कि कंप्यूटर क्लास, कार्यालय और रसोई घर के दरवाजा खुला है और जब कमरे में अंदर जाकर देखा तो पाया कि एक कंप्यूटर का मॉनिटर, होम थियेटर और रसोई घर से पांच बोरी चावल नहीं है। उन्होंने बताया आस पास के लोगों से मालूम किया तो पता चला कि देर रात्रि डेढ़ बजे विद्यालय में बाईक आने की आवाज मिली थी। शायद चोर बाईक से आये थे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। कुछ महीनों से चोरों ने विद्यालय को अपना निशाना बनाया है, क्योंकि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कऊवल में दो बार चोरी हो चुकी है। जबकि शहर के मध्य विद्यालय में एक बार और कुछ दिन पहले कन्या मध्य विद्यालय में चोरी हो चुकी है। इतना ही नहीं कुछ वर्ष पूर्व अनुमंडल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर कंप्यूटर की चोरी की थी, पर अभी तक एक भी मामले का उद्भेदन नहीं हुआ है।

**पुरस्कार** ग्रासिम इंडिया लिमिटेड की उपलब्धियों का गवाह बना 2024-25

# केमिकल उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में मिला प्रथम पुरस्कार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** पलामू प्रमंडल खासकर गढ़वा और पलामू जिले में ग्रासिम इंडिया लिमिटेड रेहला की पहचान वैसी है जैसे रेगिस्तान में खजूर की होती है। रोजगार देने के साथ-साथ जनसरोकार की समस्याओं को दूर करने में सतत प्रयासरत इस कंपनी ने 2024-25 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी के सफल नेतृत्व में कंपनी ने दुर्घटना रहित केमिकल उत्पादन में इतिहास रच दिया। इसके लिये ग्रासिम रेहला को अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी तरह पर्यावरण के क्षेत्र में प्रभावकारी कार्य के लिये भी कंपनी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। अखिल भारतीय और जोन स्तर पर आयोजित ग्रेडिंग और उपलब्धियों के लिये कंपनी ने इस वर्ष पांच पुरस्कारों को अपने नाम करने में सफलता अर्जित की है। आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा संचालित ग्रासिम इंडिया लिमिटेड की रेहला इकाई ने यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में एक वर्ष के अंदर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाली अपने ग्रुप में पहली कंपनी बन गई है। यूनिट हेड श्री अवस्थी ने कंपनी के बेलचंपा स्थित परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कंपनी को सरकार के स्तर पर अखिल भारतीय प्रथम पुरस्कार मिलना गर्व की बात है। कंपनी के पास भविष्य की बड़ी योजनाएं हैं जिसपर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्लांट में उत्पादन बढ़ाने के लिये केमिकल की एक और यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये पानी की पर्याप्त व्यवस्था चाहिये, को वर्तमान उपलब्ध नहीं है। इसके लिये रिजर्व वाटर के तहत पास की नदी में चेकडैम बनाने की पहल की गई है। इससे उत्पादन के साथ साथ पीने का पानी भी उपलब्ध होगा। इसके साथ सड़क की व्यवस्था के लिये भी प्रयास किया गया था जो अब साकार रूप ले रहा है। रेहला से गढ़वा और रेहला से मेदिनीनगर को जोड़ने के लिये चौड़ी सड़क बन रही है। कंपनी ने 2070 तक पूर्ण पर्यावरण संतुलन के लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर सफलता पूर्वक प्रयास किया है। कंपनी अपने क्षेत्राधीन 36 प्रतिशत क्षेत्रों को हरा भरा बनाने में सफलता अर्जित की है। सीएसआर के तहत कंपनी कई उल्लेखीय कार्य को मूर्त रूप देते हुये आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है। बच्चों की शिक्षा पर फोकस करते हुये उन्हें स्कूल से जोड़ने एवं गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का काम किया जा रहा है। मेधावी गरीब बच्चों की 11 एवं 12 की शिक्षा मुफ्त में दी जा रही है। महिला सशक्तिकरण के कई प्रोजेक्ट चलाये जा रहे हैं। हजारों महिलाओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। झारखंड को यक्ष्मा मुक्त बनाने की दिशा में सीएसआर बड़ा काम कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण में प्लेटिनम अवॉर्ड प्राप्त होने पर ग्रासिम रेहला का उत्साह और बढ़ा है। कचरा प्रबंधन में अव्वल रहे इस कंपनी को मार्गदर्शक के रूप में देखा जा रहा है। सरकार की पर्यावरण विभाग इसकी समीक्षा करने वाली है। श्री अवस्थी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य चल रहा है। लोगों को अत्याधुनिक मशीनों से स्वास्थ्य जांच और सफल इलाज के लिये बड़े हॉस्पिटल खोलने की योजना बनाती गई है। वहीं तकनीकी शिक्षा पर भी फोकस किया जा रहा है। एक ऐसी समेकित पाठ्यक्रम बनाने की पहल की गई है जिससे त्वरित रोजगार प्रदान की जाय। इससे कंपनियों का उत्पादन बढ़ने के साथ लाखों लोगों को उच्च स्तरीय रोजगार भी प्राप्त होगा। मौके पर कंपनी के सीएसआर हेड सह लोक संपर्क पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, यूनिट पदाधिकारी अनिल गिरी और नितेश पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पुत्री की मौत पर पिता ने थाना में दिया आवेदन

बंशीधर न्यूज



**केतार :** प्रखंड के पचाडूमर पंचायत स्थित बीजडीह ग्राम में वाल्मीकि ठाकुर की 17 वर्षीया पुत्री तीजरानी कुमारी का शव उसी गांव के उमेश चौरसिया के घर के बगल में एक कुआं में पाया गया था। मृतका के पिता ने बताया कि हम उड़ीसा में मजदूरी का काम करते हैं और हम काम पर ही गये हुये थे। 7 जनवरी को मेरे घर के लोगों ने फोन करके बताया कि आपकी पुत्री का शव एक कुआं में पड़ा है। किसी ने हत्या कर के कुआं में डाल दिया है। मैं खबर सुनकर गाड़ी पकड़ा और घर आ गया। दूसरे दिन शव को पोस्टमार्टम होने के बाद हम लोगों ने अपने परिवार और आस पास के लोगों के सहयोग से शव को दाह संस्कार किया। वाल्मीकि ठाकुर ने थाना में लिखित आवेदन दिया है कि मेरी पुत्री कुछ दिन से काफी तनाव में रहती थी। घर वालों ने जब पूछा की क्या बात है तो उसने गांव के ही नीतीश कुमार चौरसिया पिता उमेश चौरसिया के बारे में बताया कि मुझे काफी तंग और परेशान कर रहा है। जबकि एक बार पहले भी इसी तरह से परेशान कर रहा था तो हम लोग अपने घर परिवार के लोग उसके घर पर जाकर समझाएं बुझाये भी थे। मृतका के पिता ने संदेश जाहिर किया है कि नीतीश कुमार चौरसिया ने मेरी बेटी की हत्या करके कुआं में डाला है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि मृतका के पिता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसके आलोक में केस दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान जारी है साक्ष्य के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## पलामू कप सीजन 2 का हुआ उद्घाटन

# क्रिकेट हमारे देश का इमोशन है : कुणाल सारंगी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झामुमो के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने पलामू कप सीजन 2 का उद्घाटन किया। यह टूनामेंट झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, प्रो एससी मिश्रा, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह उपस्थित थे। पलामू में कुणाल सारंगी का स्वागत युवाओं ने बड़े धूमधाम से किया। झामुमो नेता और पलामू कप के मुख्य प्रायोजक अभिषेक सिंह ने कुणाल सारंगी को अंगवस्त्र तथा बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। कुणाल सारंगी ने कहा कि क्रिकेट हमारे देश का इमोशन है और मैं झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन से भी जुड़ा हुआ हूं। पलामू में क्रिकेट की असीम संभावनाएं हैं। हमारी सरकार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिये निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वे पलामू के खेल मैदानों को और बेहतर बनाने के लिये हर संभव प्रयास करेंगे। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि पलामू कप के आयोजन से खिलाड़ियों को एक शानदार मंच मिला है। युवा मोर्चा ने मेहनत कर क्रिकेट का पिच भी बनाया है। पलामू से भी खिलाड़ी देश में नाम रौशन करें, इसका प्रयास झामुमो द्वारा किया जा रहा है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कुणाल सारंगी के पलामू आगमन के लिये धन्यवाद करते हुये कहा, कुणाल सारंगी युवाओं के आदर्श हैं और उनके पलामू आगमन से हम सभी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अशोक साहनी, उपाध्यक्ष कमाल खान उर्फ पपू खान,असफर रब्बानी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, डॉ जशवंत सिंह, बबलू चौधरी, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दुबे, प्रशांत सिन्हा,विकाश मिश्रा, अरविंद चौधरी, कमेंटेटर के रूप में एपी लक्की, राजू ओझा, और एम्पायर के रूप में मिंटू तिवारी, शशि कुमार और राजू शुक्ला मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण



**केतार :** प्रखंड बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर आंगनबाड़ी केन्द्र मे 40 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार की बहुत अच्छी पहल है जो मौसम को देखते हुये आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। सभी बच्चे एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो उनमें समानता का भाव जागृत होगा। मुखिया प्रतिनिधि ने सभी बच्चों को प्रतिदिन स्वेटर पहनाकर भेजने लिये उनके अभिभावक से अपील किया कि आप बच्चे को समय पर स्कूल अवश्य भेजें ताकि बच्चों का पढ़ाई सुचारू रूप हो। सेविका रीता देवी ने बताया कि विभाग द्वारा बच्चों के लिये गर्म स्वेटर उपलब्ध कराया गया है जो सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर दीपू कुमार गुप्ता, विशाल कुमार, प्रहलाद बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

### जिप अध्यक्ष ने रखी उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारशिला



**रमना :** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने शुक्रवार को कार्यालय जिला अभियोजन जिला परिषद मद 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत योजना का पूजा व नारियल फोड़ कर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का आधारशिला रखी। स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने और ग्रामीणों की स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच को सुगम बनाने के लिये जिप अध्यक्ष कटिबध है। मौके पर जिप अध्यक्ष ने बताया की वर्षो से बिना स्वास्थ्य भवन के ही चल रहा था। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों को घोर कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ग्रामीणों द्वारा बार-बार उठाया जा रहा था, परसवान ग्राम में उप स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बन जाने से लोगों को दूसरे पंचायत में दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस पंचायत के लोगों को टंडवा पंचायत अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करना पड़ता था जिससे इन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। मौके पर ग्रामीण केतारु बैठा, ब्रजेश कुमार रजक, सुशील कुमार, नितीश कुमार, सुषमा कुमार आदि मौजूद थे।

### गरीबों के बीच कंबल वितरण



**भवनाथपुर :** अरसली उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया पति पिंटू आलम और समाजसेवी तासबीन अंसारी ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डों में रहने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर वर्ग के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किया। मुखिया पति पिंटू आलम ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण ठंड और शीतलहर से बचाव के लिये किया जा रहा है, ताकि गरीब और असहाय लोग इस कड़ाके की ठंड से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये महत्वपूर्ण हैं। मौके पर बचवा देवी, जमुनवा देवी, रंजनी देवी, अनरवा देवी, मूंगा कुंवर, ढेगू राम सहित पंचायत के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### डालसा सचिव ने गरीबों में बांटा कंबल



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर गुरुवार की रात डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव, असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह, पीएलवी अमोद कुमार सिंह, विनय प्रसाद आदि ने गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। प्राधिकार के पदाधिकारी कल देर रात सदीक मंजिल चौक, रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जाकर ठंढ में ठिठुर रहे लोगों को कंबल प्रदान किया। विदित हो कि गरीबों के हित में डालसा हमेशा कार्य करता है। वहीं बढ़ते ठंढ को देखते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गरीब व बेसहारा लोगों के बीच कंबल वितरण का निर्णय लिया था। डालसा सचिव ने बताया कि वैसे लोग जिनके पास कम्बल नहीं है उन्हें पीएलवी के माध्यम से भी कंबल का वितरण किया जायेगा।

# आपूर्ति पदाधिकारी तथा सहकारिता पदाधिकारी ने रामपुर पैक्स का किया औचक निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** जिले के किसानों द्वारा उत्पादित धान की खरीद पैक्स द्वारा किये जाने का सत्यापन करने को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-डीसी शेखर जमुआर के आदेश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-जिला प्रबंधक रामगोपाल पाण्डेय तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी रामपुर पैक्स पहुंचे। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की अद्यतन स्थिति, राइस मिलों को भेजे गये धान की मात्रा, किसानों को भुगतान आदि बिन्दुओं का सत्यापन किया। पदाधिकारियों ने रामपुर पैक्स का स्थलीय निरीक्षण कर वहां रखे धान का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा 5375 क्विंटल धान की खरीदारी की गई, जबकि उनके भंडारण की क्षमता 1000 क्विंटल है। इनके द्वारा 5375 क्विंटल में से 426.47 क्विंटल धान मिलर को भेज दिया गया है, शेष बचे 4948.53 क्विंटल धान में से करीब 2698.53 क्विंटल धान तीनों गोदाम में उपलब्ध पाया गया। जबकि निरीक्षण के दौरान करीब 2250 क्विंटल धान नहीं पाया गया और न ही इस संबंध में पूछने पर तत्काल कोई स्पष्ट जानकारी ही दी गई। इस मामले को संज्ञान में आते ही डीसी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए रामपुर पैक्स से स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है। डीसी ने जिले के सभी पैक्स संचालकों को धान की खरीद में विभाग द्वारा जारी गाईडलाईन का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि धान की खरीद में विभागीय आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। भौतिक सत्यापन के क्रम में किसानों से धान की खरीद के एवज में उनके भुगतान के बाबत भी जानकारी ली। पैक्स अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि किसानों का भुगतान ऑनलाईन प्रक्रिया से किया जा रहा है।

## न्यूज अपडेट्स

### टेंपो पलटने से मां की मौत, पुत्र घायल


**गढ़वा :** गोबरदाहा-चामा मुख्य मार्ग पर कुशमही गांव के समीप हुई दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव निवासी अयोध्या राम की पत्नी रुदा देवी 30 वर्ष है। जबकि इस घटना में उसका पुत्र जीतेश कुमार 14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने रुदा देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार मां और पुत्र एक टेंपो पर सवार होकर गोबरदाहा से अपने घर गेरुआ जा रही थी। उसी बीच कुशमाही के पास अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। पुलिस घटना के सूचना के बाद सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

### सांसद रजवाडीह में करेंगे सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व प्रथम महापौर अरुणा शंकर शनिवार को पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सदर मेदिनीनगर ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत रजवाडीह, जमुने एवं पोखराहा खुर्द में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम रजवाडीह स्वास्थ्य उपकेंद्र के पास आयोजित होगा। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता तथा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पाण्डेय सहित तीनों पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

**अपराध** ▶ कीटनाशक दवा बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

# 30 लाख का नकली कीटनाशक बरामद



**बलराम शर्मा**

**मेराल :** मेराल थाने की पुलिस ने शुक्रवार को नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बस स्टैंड के बगल कर्बला रोड में एक घर से पुलिस ने करीब 30 लाख की नकली कीटनाशक दवा लिथल क्लॉरपाईरीफॉर्म 20% बरामद किया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि एसपी गढ़वा को जानकारी मिली थी कि मेराल के एक घर में बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवा तैयार कर बेचा और आपूर्ति किया जा रहा है। इसी आलोक में छापामारी कर गीता देवी पति स्वर्गीय संजय कुमार के घर से रेपर एवं तैयार नकली दवा जब्त किया गया है। कंपनी के जांचकर्ता प्रमुख रंजीत कुमार सिंह एवं सहयोगी गोपाल कुमार झा ने नकली दवा में प्रिंट किया गया दवा का किमत लगभग तीस लाख रुपये बताया। बरामद किये गये दवा में इंसेक्टी सीड कंपनी का नकली लेबल लगा 500 एमएल का 1208 पीस लीथल, एमएल का 4510 पीस स्टीकर, 2820 पीस सुपर 505 पीस में 250 एमएल भरा हुआ नकली लीथल, सुपर 505 का 250 एमएल में 4520 पीस स्टीकर के साथ एक पीस केमिकल बरामद किया गया है।

### कंपनी के सूचना पर की गई कार्रवाई : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी ने कहा कि इन्सेक्टीसीड इंडिया कंपनी लिमिटेड के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुये सभी बिन्दुओं पर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### मनरेगा में किया जाता है नकली दवाओं की सप्लाई : ग्रामीण

नकली दवा के मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन होने के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नकली दवा मनरेगा के बीरसा हरित बागवानी योजना में सप्लाई किया जाता है। इसमें सरकारी कर्मी भी संलिप्त हैं, जांच कर कार्रवाई होनी चाहिये।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिये साक्षात्कार




**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी में काम करने के लिये विभिन्न पदों की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। गढ़वा जिला मुख्यालय के जिला परिषद मार्केट स्थित संस्था के जिला कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में आये अभ्यर्थियों ने अपना साक्षात्कार दिया। बता दें कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी एक ऐसी संस्था है जो महिला सशक्तिकरण, गरीब कन्याओं की शादी सहित कई सामाजिक कार्यों को करती है। झारखंड सहित देश के कई राज्यों में संस्था बखूबी काम कर रही है। संस्था के सचिव विकास माली ने बताया कि संस्था को अच्छी तरह चलाने के लिये जिला प्रबंधक, प्रखंड प्रबंधक, वार्ड सर्वेयर, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि विभिन्न पदों पर कुशल व्यक्तियों की आवश्यकता है जिसको लेकर साक्षात्कार का यह आयोजन किया जा रहा है। जो लोग साक्षात्कार में पास होंगे उनको ज्वॉइनिंग कराया जायेगा। 19 फरवरी तक ट्रेनिंग पीरियड में रखा जायेगा। जो लोग ठीक से काम करेंगे उनको 19 फरवरी के बाद परमानेंट ज्वॉइनिंग कराया जायेगा। मौके पर अयूब खान उर्फ बबन, रंजीत, टिंकू पांडेय आदि संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

## सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला



**रमना :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी की उपस्थिति में सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने सबका योजना सबका विकास व ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विक्रांत कुमार ने ग्राम पंचायत विकास योजना की विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। इसके अलावा 14 वें वित्त आयोग से संबंधित प्रपत्र की जानकारी दी गई। मौके पर संसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीससूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक आदि उपस्थित थे।

# मकरसंक्रांति. पूर्वडीहा में लगेगा भोजपुरी गायकों का जमावड़ा

### व्यास भरत शर्मा (टू), राकेश मिश्रा, शिवानी सिंह व अक्षरा गुप्ता का होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** जिले के पूर्वडीहा गांव में इस बार भी मकर संक्रांति के मौके पर 14 जनवरी को मेले के विशेष आयोजन पर भोजपुरी के सुपर स्टार गायकों का जमावड़ा लगेगा। इसके लिये कमेटी के अध्यक्ष पपलू दुबे की अगुआई में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विशेष तैयारियां चल रही है। अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिये एक कमेटी गठित की गई है जिसमें उनके अलावे सचिव ब्रजेश दुबे को बनाया गया है। जबकि कोषाध्यक्ष को जिम्मेवारी रवीन्द्र दुबे और निकेत दुबे को दी गयी है। इसी तरह कुलबुला दुबे, राहुल दुबे व सौरभ दुबे को उपाध्यक्ष व सह सचिव डब्ल्यू दुबे, सुधाकर दुबे व लोकेंद्र दुबे को बनाया गया है। अरुण दुबे, कृष्णमणी दुबे, रामसरेख दुबे, ओमप्रकाश दुबे, कुंदन दुबे और प्रदीप दुबे को कमेटी के संरक्षक बनाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मेले के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसमें भोजपुरी के चोटी गायक कलाकार राकेश मिश्रा, भरत शर्मा (2), शिवानी सिंह और अक्षरा गुप्ता को बुलाया जा रहा है। अध्यक्ष पपलू दुबे ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने जिले के तमाम लोगों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## रजहारा कोलियरी चालू कराने को ले सांसद मिले कोयला मंत्री से



**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात कर रजहरा कोलियरी में उत्खन्न प्रारम्भ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने के मामले पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। केन्द्रीय कोयला मंत्री से सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी को खोलने के लिये सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है, जिसपर अटॉर्नी जेनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जा रहा है। उन्होंने उपरोक्त मामले में मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेश देते हुये कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी में विस्थापितों के नौकरी देने से संबंधित मामले को बहुत जल्द दूर कर कोयले का उत्खनन प्रारम्भ किया जायेगा। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

## 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मैच

# ज्ञान निकेतन व आरके पब्लिक सेफा में

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने ज्ञान भारती बेलचम्पा को सात विकेटों से तथा ज्ञान निकेतन बेलचम्पा ने बीएसकेडी को 80 रन से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेश किया। पहले मैच में ज्ञान भारती ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अतिका के 16 रन के सहारे सात विकेट खोकर 67 रन बनाये। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से हेमलता ने दो और अंशु ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम हेमलता के 11 और स्वाति के 16 रनों के सहयोग से दो गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सुहानी के शानदार अर्धशतक 71 रन के सहारे निर्धारित ओवर में चार विकेट पर 128 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बीएसकेडी की ओर से नीतू ने दो और चांदनी ने एक विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी बीएसकेडी की टीम निर्धारित ओवर में पांच विकेट खोकर 49 रन ही बना पाई। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल की हेमलता और ज्ञान निकेतन की सुहानी को समाजसेवी राकेश पाल और गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव संजय सिंह ने प्रदान किया। मौके पर समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये, खेल में हार कोई माईने नहीं रखता, हारने वाली टीम भी जीतने वाली टीम के बराबर की ही मानी जाती है। विजेता टीम के मुकाबले हारने वाली टीम को और अधिक प्रयास करने चाहिये। ताकि अगले मुकाबले में विजय हासिल कर सके। गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव संजय सिंह ने कहा कि क्रिकेट उनका पहला धर्म है। क्रिकेट के विकास के लिये सब कुछ करने को तैयार हूं। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, आशुतोष रंजन, मनीष उपाध्याय, बंटी, दीपक, प्रिंस दुबे, हेमंत राज, निस्बत खान, सुरेंद्र, नमन आकाश आदि उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया लीगल लिटरेसी क्लास



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय देवगाना में लीगल लिटरेसी क्लास लिया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रामाशंकर चौबे ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल संरक्षण अधिनियम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह की रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पीएलवी गोपाल चौबे ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों, अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विनय प्रजापति, राम प्रताप सिंह, रविंद्र प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## जुनैद खान व खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' का ट्रेलर रिलीज

जुनैद खान और खुशी कपूर की आने वाली रोमांटिक कॉमेडी 'लवयापा' ने अपनी अनाउंसमेंट के बाद से ही जबरदस्त चर्चा बटोरी है। हाल ही में रिलीज हुए टाइटल ट्रैक ने फिल्म के लिए एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दी और मेकर्स ने अब ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें भरपूर कॉमेडी, ड्रामा और ढेर सारा 'लवयापा' है। आखिरकार 'लवयापा' का मजेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो मॉडर्न लव की एक कनेक्ट करने वाली कहानी पेश करता है। ट्रेलर की शुरूआत जुनैद खान और खुशी कपूर के एक मजेदार सीन से होती है, जिसमें एक यंग कपल की कहानी दिखाई गई है। उनकी जिंदगी तब एक-दूसरे के सामने खुल जाती है जब वे अपने मोबाइल फोन आपस में बदल लेते हैं। यहीं से असली मजा और ड्रामा शुरू होता है। जब छुपे हुए राज सामने आते हैं, ट्रेलर इस तरह से आज की जनरेशन के रिश्तों को एक नए नजरिए से दिखाता है। 'लवयापा' का ट्रेलर वाकई मजेदार और एंटरटेनिंग है, जो वैलेंटाइन सीजन के लिए परफेक्ट रिलीज होने का वादा करता है। यह फिल्म 2025 की सबसे एक्साइटिंग सिनेमेटिक एक्सपीरियंस में से एक बनने वाली है। फिल्म लवयापा 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

## जिम में चोट लगने से घायल हुई रश्मिका मंदाना



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना, हाल ही में जिम में चोट का शिकार हो गईं, जिससे उनके बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग फिलहाल रोकनी पड़ी है। रश्मिका को डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वह पूरी तरह से ठीक होने के लिए थोड़ा आराम करें। इसके बाद ही वह अपने बिजी शेड्यूल पर लौट सकती हैं। रश्मिका की चोट ने उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ा दी है, लेकिन ताजा अपडेट्स बताते हैं कि वह जल्द ठीक होने की राह पर हैं और जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगी।

रश्मिका मंदाना के एक करीबी सूत्र ने कहा, रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आने वाले प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और जल्द ही सेट पर वापसी करेंगी। रश्मिका, जिन्होंने 'एनिमल' और 'पुष्पा' फ्रेंचाइज के मौजूदा कलेक्शंस के साथ कुल 3096 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिया है, लगातार अपनी मेहनत और सकारात्मकता से अपने फैंस को प्रेरित करती रही हैं। हिट फिल्मों की इस सीरीज ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया है। हालांकि, शूटिंग का यह ब्रेक सिर्फ कुछ समय के लिए है, लेकिन फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि रश्मिका पहले से भी ज्यादा मजबूती और जोश के साथ वापसी करेंगी और अपनी खास अदाओं और एनर्जी से फिर से स्क्रीन पर धमाल मचाएंगी।

## चुटूपालू घाटी में एलपीजी गैस का टैंकर पलटा, जाम हुआ एनएच 33



# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा की सदस्यता ली

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।

रघुवर ने कहा कि 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ओडिशा का राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है।



इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र ,मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। रघुवर ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की। इसकी में प्रशंसा करता हूं लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार-जीत लगी रहती है। जय-पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए। रघुवार ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडी गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। साथ ही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता सरकार से अपील किया कि वह अपने वादे पूरे करें। हम कुछ महीने इंतजार करेंगे कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करें। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले रघुवर दास ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं भी इस महायज्ञ में ना योगदान देने के लिए तैयार हूं।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद और रांची विधायक सीपी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नेपाल-भारत के बीच रहे सीमा स्तंभ मरम्मत का काम शुरू



**काठमांडू।** नेपाल और भारत की खुली सीमा के बीच दो देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमा की पहचान रहे स्तंभों के मरम्मत का काम औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। दोनों देशों के बीच रहे बॉर्डर वर्किंग ग्रुप की बैठक के निर्णय के मुताबिक नेपाल के पूर्वी सीमा से इस काम की शुरूआत की गई है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी सीमा के पास से सीमा स्तम्भ के मरम्मत के काम को दोनों देशों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने किया है। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल झापा जिले के एसपी कवींद्र राई ने बताया कि भारत के सिलीगुड़ी के पास और नेपाल के मेचीनगर में रहे बॉर्डर पिलर नंबर 95/12 से इसकी शुरूआत की गई है। एसपी राई के मुताबिक भारत की सीमा सुरक्षा बल एसएसबी की उपस्थिति में इस काम की शुरूआत की गई है। दोनों देशों के बीच इस बात पर सहमति हुई है कि जितने भी जोड़ संख्या के सीमा स्तंभ हैं उसकी मरम्मत का काम एसएसबी के जिम्मे है जबकि बे-जोड़ संख्या वाले स्तंभों की मरम्मत का काम नेपाल की सशस्त्र प्रहरी बल एपीएफ के जिम्मे है। नेपाल के झापा जिले की सीमा भारत के पश्चिम बंगाल से 114.2 किलोमीटर की है जिसमें कुल 107 सीमा स्तम्भ होने की जानकारी एपीएफ के तरफ से दी गई है। सीमा स्तंभ मरम्मत के साथ ही जहां पर यह सीमा स्तंभ टूट गए हैं या किसी कारण से गायब हैं वहां नए पीलर लगाने का काम भी किया जाएगा।

Hit लिस्ट

## राहुल गांधी को वीर सावरकर मानहानि मामले में जमानत मिली

**मुंबई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को स्वातंत्र्यवीर सावरकर मानहानि मामले में पुणे की एक विशेष अदालत ने 25,000 रुपये के निजी



मुचलके पर जमानत दे दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। पुणे के विशेष कोर्ट में आज राहुल गांधी को सुनवाई के लिए उपस्थित रहना था। लेकिन विदेश दौरे पर रहने की वजह से राहुल गांधी आज कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। राहुल गांधी के वकील ने मिलिंद पवार ने कोर्ट को बताया कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, इसलिए मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की , जिसमें राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी।

## भारत-पाक सीमा पर घुसपैठिया ढेर

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने गुरुवार की रात अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा पर गांव कोटराजादा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बीएसएफ प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अमृतसर जिले के गांव कोटराजादा के पास बीएसएफ के जवान गश्त पर थे। तभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया। इस बीएसएफ के जवानों ने उसे रोका गया लेकिन वह भागकर भारतीय सीमा में दाखिल हो गया। जवानों की बार-बार चेतावनी के बावजूद, घुसपैठिया आगे बढ़ता रहा। संभावित खतरे को भांपते हुए बीएसएफ जवानों ने आत्मरक्षा में कार्रवाई कर घुसपैठिए को गोली मार दी।

गंगा की पवित्रता बनाए रखना, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाना महाकुंभ 2025 के आयोजन की सर्वोच्च प्राथमिकताएं

# नमामि गंगे मिशन. महाकुंभ में 28 हजार शौचालय व 20 हजार यूरिनल स्थापित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत महाकुंभ के लिए 152.37 करोड़ रुपये की लागत से विशेष स्वच्छता प्रबंधन किए जा रहे हैं। महाकुंभ मेला परिसर में 28 हजार से ज्यादा शौचालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें सेप्टिक टैंक से लैस 12 हजार फाइबर रीइनफोर्स्ड प्लास्टिक शौचालय और सोखने के गड्ढों वाले 16,100 प्रीफैब्रिकेटेड स्टील शौचालय बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में 20 हजार सामुदायिक यूरिनल और 20 हजार कूड़ेदान भी स्थापित किए गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय ने यहां शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि गंगा की पवित्रता बनाए रखना, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त



क्षेत्र बनाना महाकुंभ 2025 के आयोजन की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। इस आयोजन को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार महाकुंभ में सफाई व्यवस्था की आधुनिक तकनीक को पारंपरिक प्रथाओं के साथ जोड़कर स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण तैयार किया जा रहा है। मेला परिसर में 28,000 से ज्यादा शौचालय स्थापित किए गए हैं। जिनमें सेप्टिक टैंक से लैस 12,000 फाइबर रीइनफोर्स्ड प्लास्टिक शौचालय और सोखने के गड्ढों वाले 16,100 प्रीफैब्रिकेटेड स्टील शौचालय बनाए गए हैं। इन शौचालयों का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण देने के साथ पर्यावरण के अनुकूल दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए 20 हजार सामुदायिक यूरिनल भी स्थापित किए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक मेला क्षेत्र में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए, 20 हजार कूड़ेदान लगाए गए हैं, ताकि स्रोत पर ही अपशिष्ट को अलग किया जा सके, साथ ही इसके पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित किया जा सके। अपशिष्ट संग्रह और निपटान को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए, 37.75 लाख लाइनर बैग प्रदान किए गए हैं। यह सुव्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली आयोजन क्षेत्र को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखेगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)